पंजाब केसरी
6-3-2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने करवाया हैकाथॉन

अम्बाला, 5 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने वीरवार को भव्य हैकाथॉन का आयोजन किया, जिसमें जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ एस.आई.टी. नीलोखेड़ी के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल, नवाचार क्षमता और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देना था। इस हैकाथॉन में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी कोडिंग प्रतिभा और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण बंसल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे हैकाथॉन विद्यार्थियों को केवल तकनीकी ज्ञान नहीं देते, बल्कि उन्हें वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। आज के युवा नवाचार के माध्यम से देश के डिजिटल भविष्य को सशक्त बना सकते हैं।

अपने संदेश में जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि उनके कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग से जोड़ते हुए उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। यह हैकाथॉन विद्यार्थियों के लिए सीखने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुआ है। इस प्रकार के कदम विद्यार्थियों में नवाचार, समस्या समाधान कौशल और टीमवर्क की भावना को सशक्त बनाते हैं।

साथ ही, ऐसे उद्योग-संस्थान सहयोग से छात्रों को वास्तविक कार्य परिस्थितियों की समझ विकसित करने का अवसर मिलता है, जो उनके भविष्य के करियर निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होता है।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज द्वारा आयोजित हैकाथॉन में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

प्रतियोगिता की विजेता टीमों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। जी.एम.एन. कॉलेज में कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रबलीन कौर ने कहा कि विद्यार्थियों का उत्साह और नवाचार क्षमता अत्यंत प्रेरणादायक रही। ऐसे आयोजनों से उनमें आत्मविश्वास और व्यावहारिक दक्षता का विकास होता है और विभाग आगे भी इस तरह से हैकाथॉन प्रतियोगिता करवाता रहेगा। हैकाथॉन के साथ-साथ कॉलेज परिसर में स्वदेशी हाट नामक प्रदर्शनी कैनोपी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न उद्यमियों एवं स्टार्टअप ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया।